**रक्षा मंत्रालय द्वारा इलाहाबाद जिले में भूमि का अधिग्रहण**

1601. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल ही में इलाहाबाद में करछना तहसील के अंतर्गत चाका खण्ड के किसानों की भूमि का रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिग्रहण किए जाने से सम्बन्धित आदेश को निरस्त करने के लिए कोई ज्ञापन मिला है ;

(ख) इस मांग पर सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उक्त आदेश को निरस्त करने में क्या कठिनाई पेश आ रही है ?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) : (क) से (ग) इलाहाबाद जिले में करछना तहसील के अन्तर्गत चाका खण्ड के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं । भूमि अधिग्रहण किए जाने के बारे में कोई आदेश जारी नहीं किए गए हैं अतः इस संबंध में किसी आदेश को रद्द करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

**महापुरुषों पर दूरदर्शन वृत्तचित्र**

1602. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार वर्ष 1991 के दौरान किन-किन महापुरुषों के जीवन पर दूरदर्शन वृत्तचित्र दिखाने का विचार रखती है ; और

(ख) ये वृत्तचित्र कब तक प्रसारित किए जाएंगे ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) दूरदर्शन द्वारा समय-समय पर वृत्तचित्रों और विभिन्न फार्मेटों में महापुरुषों की जीवनी और कार्यों को दर्शाने वाले कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं ।

चूंकि कार्यक्रम दिखाने की रूप रेखा केवल प्रसारण के कुछ ही दिन पूर्व बनाई जाती है, इसलिये वर्ष 1991 के दौरान दूरदर्शन द्वारा प्रसारित किये जाने के लिए प्रस्तावित वृत्तचित्रों की सूचना इस समय देना सम्भव नहीं है ।

**Popular Serial on Doordarshan**

1603. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state: what are the names of the first ten serials in the order of popularity on Doordarshan?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): The data obtained through panel surveys undertaken by Doordarshan during the month of June, 1991, indicates that the following were the first ten serials in the order of popularity which were telecast on the National Network:—

1. The Sword of Tipu Sultan;
2. Dane Anaar Ke;
3. Sankalp;
4. Pukaar;
5. Circus
6. Rishte;
7. Sunehre Vark;
8. Professor Vason;
9. Cartoon Show;
10. Sports Mag.

**मुजफ्फरपुर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना**

1604. श्री रजनी रंजन साहू : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मुजफ्फरपुर में एक आकाशवाणी केन्द्र खोलने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :** (क) और (ख) मुजफ्फरपुर के पूरे जिलों को दरभंगा के मौजूदा 10 कि०वा०मी०वे० ट्रांसमीटर तथा पटना के 100 कि०वा० मी०वे० ट्रांसमीटर से दिन के समय, प्राथमिक ग्रेड की कवरेज प्राप्त होती है। इसलिये, मुजफ्फरपुर में रेडियो स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**फलों तथा सब्जियों के प्रसंस्करण की क्षमता**

1605. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़ी मात्रा में फल तथा सब्जियां उत्पादित की जाती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इनका अधिकांश भाग प्रयोग न हो सकने के कारण नष्ट हो जाता है;

(ग) यदि हां, तो यह कुल उत्पादन का कितने प्रतिशत है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन कराया है;

(ङ) क्या सरकार ने नष्ट हो जाने वाले फलों तथा सब्जियों के प्रसंस्करण के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में क्या समयावधि निश्चित की गई है तथा मार्च, 1991 के अन्त तक देश में खाद्य प्रसंस्करण की स्थापित क्षमता क्या थी तथा स्थापित क्षमता में से कुल कितने प्रतिशत उत्पादन 1990-91 में प्राप्त किया जा सका ?

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री गिरिधर गोमांगो) :** (क) जी, हां।

(ख) से (घ) यद्यपि बर्बादी का कोई विश्वसनीय अनुमान उपलब्ध नहीं है फिर भी यह समझा जाता है कि उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा परिवहन और वितरण में खराब हो जाने के कारण नष्ट हो जाता है। दूसरे अनुमान (1981 में) के अनुसार फार्म और फार्म के बाहर की दशाओं में यह नुकसान 40 प्रतिशत तक भी है।

(ङ) लक्ष्य निर्धारित करना संभव नहीं है क्योंकि प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना उद्यमियों पर निर्भर करती है। फिर भी ऐसे उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार के ऐसे उपक्रमों को सहायता देने की सरकार के पास स्कीमें हैं जो ऐसे उद्योगों को या तो स्वयं अथवा संयुक्त/सहायित सेक्टर में स्थापित करना चाहते हैं।

(च) उपयुक्त स्कीमें आठवीं योजना की संपूर्ण अवधि के दौरान कार्यान्वित की जायेगी। वर्ष 1990 के अंत तक फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योगों की संस्थापित क्षमता लगभग 9.94 लाख टन थी। वास्तविक उत्पादन अनुमानतः 3 लाख टन था।

**Hazards of Airwaves from High Power Voltage Lines**

1606. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the hazards of airwaves from high-voltage power lines computer terminals and other technologies including Microwaves which cause carcinogenesis; and

(b) whether Government are aware that USEPA propose to declare these so called low-frequency fields as probable human carcinogenesis; and

(c) if so, what corrective steps are proposed in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SMT. MARGARET ALVA): (a) High tension power cables, computer terminals and